# कंटेनर में लाखों रुपए की शराब जब्त, चालक व खलासी गिरफ्तार

## लकड़ी के गट्टों की आड़ में शराब की तस्करी हो रही थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने लकड़ी के गट्टों की आड़ में एक कंटेनर से लाखों रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए चालक खलासी को गिरफ्तार किया है।

- **कंटेनर के खुफ़िया चैंबर में रखी थी शराब की पेटियां**
- **पूछताछ में शराब हरियाणा से गुजरात ले जाना सामने आया**




**गंगापुर थाना पुलिस ने लाखों रुपए की शराब जब्त की।**

गंगापुर थाना प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि थाना क्षेत्र के गुढ़ा गांव में लकड़ी के गट्टे भरने के लिए एक कंटेनर आने और उसमें शराब भरी होने की सूचना मुखबिर से मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए थाने की टीम गुढ़ा पहुंची जहां जयपुर नंबर के एक कंटेनर में दो व्यक्ति मिले। पूछताछ में इन्होंने बताया कि वे लकड़ी के गट्टे भरने के लिए आए हुए हैं। पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो केबिन में सीट के पीछे ऊपर की ओर एक खुफिया चैंबर बना था। इस चेंबर में अंग्रेजी शराब की पेटियां मिली। पुलिस ने चैंबर में रखी अंग्रेजी शराब की बोतलों के साथ ही बीयर की 46 पेटियां भी जब्त की है। पुलिस ने चालक नूह मेवात निवासी साहिल पिता सतत व खलासी हकीम पिता अली हसन निवासी नूह मेवात को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब हरियाणा से गुजरात ले जाना सामने आया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से शराब लाने ले जाने के संबंध में गहनता से पूछताछ में लगी है।

# सुब्रमण्यम स्वामी ने वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनाने की पैरवी की

## स्वामी ने कहा कि हिंदुत्व के कारण राजस्थान सहित तीन राज्यों में बनी भाजपा सरकार

**जोधपुर,** (कासं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने वसुंधरा राजे को राजस्थान की नई मुख्यमंत्री बनाए जाने की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि मेरी राय में वसुंधरा राजे को राजस्थान में मुख्यमंत्री बनाना चाहिए क्योंकि उनके पास अनुभव और एमएलए भी है। इसलिए राजस्थान में वसुंधरा राजे को ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए, यह मेरी पर्सनल राय है। यह बात उन्होंने आज जोधपुर में एयरपोर्ट पर मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में कही।

एक कार्यक्रम में भाग लेने आए डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के कारण राजस्थान सहित तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनी है। भाजपा की इस जीत का पूरा श्रेय मैं हिंदुत्व को दूंगा। इससे पहले जोधपुर पहुंचने पर सुब्रमण्यम स्वामी के करीबी युवा उद्यमी समाजसेवी हितेश जैन ने उनकी अगवानी की। बाद में सुब्रमण्यम स्वामी हितेश जैन के निवास पर पहुंचे तथा उनके परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी निफ्ट में आयोजित इवेंट टेडएक्स में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के बाद वे वापस दिल्ली रवाना हो गए।



**भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की।**

बता दें कि डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी एक भारतीय अर्थशास्त्री, सांख्यिकीविद और राजनेता हैं, जो भारतीय संसद के ऊपरी सदन, राज्यसभा में संसद सदस्य के रूप में कार्य करते हैं। स्वामी ने भारत के योजना आयोग के सदस्य के रूप में कार्य किया है और चंद्रशेखर सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। स्वामी जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

# घर में घुसकर गाड़ी से कुचलकर मारने की कोशिश

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव धोलिया निवासी एक व्यक्ति ने सरपंच सहित अन्य आरोपियों पर घर में घुसकर गाड़ी से कुचलकर मारने की कोशिश करने, एलानिया धमकी देने, मारपीट कर अंगुली तोडने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सिद्धमुख थाने में दर्ज करवाया है।

दर्ज प्रकरण के अनुसार मनोज कुमार पुत्र चानणरमल शर्मा निवासी धोलिया पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू ने हाजिर थाना होकर इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि तीन दिसम्बर को वह विधानसभा चुनाव परिणाम घोषणा के बाद अपनी बहन मामा की लड़की की ससुराल किशनपुरियाबास गया हुआ था। जहाँ पर उसको विजेन्द्र उर्फ बबलू स्कूल के पास मिला व काले शीशे की थार गाड़ी उसके आगे लगाकर रास्ता रोक लिया और धमकी दी कि अपने हमारे कहने से बीजेपी को वोट क्यों नहीं दिया, अब हमारी सरकार बन रही है, अब हम आपको देखेंगे और वो आपके घर आकर ही आपका इलाज करेंगे। आरोप है कि अगले दिन सुबह सरंपच ग्राम पंचायत रामसराताल पवन शर्मा, बबलू व अन्य व्यक्ति थार गाड़ी में उनके गांव आये तथा ड्राईवर पवन शर्मा ने उसके घर के आगे आकर उसे जान से मारने की नियत से उसे थार गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। मगर वह जान बचाकर घर के अन्दर घुस गया तो पवन शर्मा ने बेसबॉल का डंडा उसके हाथ पर मारा, जिससे उसके हाथ की अंगुली टूट गई। तीनों व्यक्तियों ने उसको लात घूसों से पीटा। आरोप है कि तीनों ने उसे गाड़ी में डालकर ले जाकर मारना चाह रहे थे।

# सरदारपुरा से हारे भाजपा प्रत्याशी राठौड़ का वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

**जोधपुर,** (कासं)। निवर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने जोधपुर जिले की सरदारपुरा सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रो. महेन्द्र सिंह राठौड़ का एक वीडियो आज शहर में चर्चित रहा। राठौड़ हार चुके हैं, लेकिन प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद दो वीडियो सामने आए हैं, जिनमें वे अधिकारियों को धमकाने के अंदाज में बात करते नजर आ रहे हैं।

- **वायरल वीडियो में प्रो. महेन्द्र सिंह राठौड़ अधिकारियों को धमकाने के अंदाज में बात करते नजर आ रहे हैं**

डिस्कॉम के चीफ जोनल इंजीनियर को फोन पर राठौड़ ने कहा कि कानों में जो कांग्रेस रुपी रुई है, उसे निकाल देना। मेरा नंबर सेव कर लेना। सरदारपुरा से किसी भी कार्यकर्ता का कॉल आए तो उठाना। कांग्रेस राज में आपके कार्यालयों में बैठकर एक वर्ग को संतुष्ट करने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि भ्रम में मत रहना। यह ट्रांसफर की धमकी नहीं है। अब तक जो धन संग्रह किया है, उसका हिसाब-किताब मांगा जाएगा। सरदारपुरा में राजधर्म का पालन होगा। कांग्रेस के नेता ने नहीं पब्लिक सर्विस कमिशन ने सलेक्ट किया है डिस्कॉम के लिए।

वे वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं कि कांग्रेस कार्यालयों में जाकर जो नमाजें पढ़ी हैं, सही नहीं है। खेतानाड़ी में बहुत दे दी बिजली, अपनी पेराफेरी में स्पेशल इंस्ट्रेक्शन पास हो जाना चाहिए और लिख लेना प्रोफेसर महेंन्द्र सिंह राठौड़ का नंबर। दूसरे वीडियो में महेंद्र सिंह राठौड़ फोन पर राइकाबाग के मदरसा इंचार्ज से बात करते दिख रहे हैं। उन्होंने राइकाबाग मदरसे में बन रही मस्जिद का काम रोकने की चेतावनी दी।

इन दोनों वीडियो को लेकर जब राठौड़ से बात की तो उन्होंने कहा कि सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में लोग परेशान हैं। डिस्कॉम चीफ इंजीनियर चारण मंदिरों और यहां जहां भी भागवत होती है वहां की लाइट काट देते हैं। कई बार शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान गुपचुप तरीके से मस्जिद बन रही है। उसे रुकवाया है। मैं भी जेडीए में रह चुका हूं। पता है कैसे काम होते हैं। अवैध निर्माण को रोकने की चेतावनी दी है।

डिस्कॉम चीफ इंजीनियर एमएस राठौड़ ने इस वीडियो पर कहा कि प्रोफेसर महेंद्र राठौड़ का फोन आया था। नंबर सेव करने के लिए कह रहे थे। कोई गलतफहमी हुई है। अगर फाल्ट होता है तो तुरंत प्रभाव से उसे दुरुस्त करवाते हैं। जनता परेशान होगी तो हमें भी अच्छा नहीं लगेगा। जानकारी के अनुसार सरदारपुरा सीट पर प्रोफेसर राठौड़ भाजपा की ओर से नया चेहरा थे। उन्होंने पहली बार सरदारपुरा विधानसभा से चुनाव लड़ा। इस चुनाव में वह 70 हजार से अधिक वोट लाए, लेकिन 26 हजार के करीब वोट से अशोक गहलोत से हार गए।

# 62 साल के बुजुर्ग के साथ हनीट्रैप, मामला दर्ज

**बीकानेर,** (निसं)। मोबाइल पर वीडियोकॉल कर अचानक न्यूड होकर 62 साल के बुजुर्ग के साथ हनीट्रैप में फंसाने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग से करीब पौने दो लाख रुपए की ठगी कर ली है। अब मुक्ता प्रसाद नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

पुलिस के अनुसार रामपुरा बस्ती निवासी व्यक्ति के पास एक वीडियो कॉल आया। सामने एक युवती थी, जो वीडियो कॉल शुरू होते ही न्यूड हो गई। कॉल खत्म होने के बाद उसके पास कॉल आने शुरू हो गए कि उन्होंने साइबर नियमों के विपरीत वीडियो कॉल किया। इनमें तीन खुद को साइबर इंस्पेक्टर बता रहे थे। इनमें नाम अमित, अमित सक्सेना और राहुल गुप्ता बताया गया। इसके अलावा एक ने स्वयं को यूट्यूब मैनेजर राहुल बताया। तीनों ने

- **युवती ने बुजुर्ग से करीब पौने दो लाख रुपए की ठगी की**

व्यक्ति को धमकाते हुए उससे एक लाख 76 हजार रुपए की ठगी कर ली।

बाद में व्यक्ति को पता चला कि वे न तो साइबर इंस्पेक्टर थे और न यूट्यूब से। पुलिस अब नामजद एफआईआर दर्ज करते हुए मोबाइल नंबर के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। आमतौर पर मोबाइल पर अनजान नंबर से आने वाले वीडियो कॉल इस तरह की हरकत करते हैं। इस तरह की घटना होने पर सीधे पुलिस से संपर्क करना चाहिए। आमतौर पर लोग बाद में आने वाले कॉल के चक्कर में फंस जाते हैं और मामला रफा दफा करने के लिए रुपए दे देते हैं।


# केकड़ी तहसीलदार व नायब तहसीलदार निलंबित

**अजमेर,** (नि.सं.)। केकड़ी के जिला कलेक्टर विश्वमोहन शर्मा ने मंगलवार को सबुह 10 बजे तहसील कार्यालय केकड़ी का औचक निरीक्षण कर कार्यालय में 23 में से 18 कार्मिकों के अनुपस्थित पाए जाने पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार दोनों को निलम्बित कर दिया। जानकारी के अनुसार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की कार्य प्रणाली में भी विसंगति पाई गई थी। तहसीलदार बंटी देवी राजपूत एवं नायब तहसीलदार संजय सारस्वत द्वारा न्यायालय राजस्व मंडल अजमेर के विभिन्न रेफरेंस प्रकरणों में निणन्य राजहित के विपरीत पाए गए थे। इसमें तहसीलदार केकड़ी द्वारा यह कृत्य अपने पदीय कर्तव्य के विपरीत दर्ज किया। तहसीलदार बंटी देवी राजपूत एवं नायब तहसीलदार संजय सारस्वत को राजस्थान सिविल सेवाएं वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1958 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# कुएं में गिरे गीदड़ को बाहर निकाला

**शाहपुरा,** (निसं)। ग्राम जोधपुरा में ढाणी जोगियों वाली में स्थित एक कुएं में भोजन की तलाश में एक गीदड़ कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी। सूचना मिलते ही भारद्वाज मौके पर पहुंचे। भारद्वाज ने कुएं में उतरकर गीदड़ के पैरों में रस्सी बांधकर उसका उपचार कर वन कर्मियों के साथ उसे सकुशल निकाला। ज्यों ही गीदड़ कुँए से बाहर निकला तुरन्त तेजी से दौड़ते हुए खेतों में भाग गया।

इस दौरान कुलदीप असवाल, अशोक सैनी, रामसिंह यादव, रवि योगी, सुरेश योगी, डॉ गौरीशंकर शर्मा, दिव्या शर्मा, जितेन्द्र, संजय योगी आदि वनकर्मी एवं ग्रामीणो ने मिलकर गीदड़ को निकलाया। वहीं जीव दया दिखाते हुए डॉ. गौरीशंकर शर्मा एवं दिव्या शर्मा ने भूख प्यास से तड़प रहे गीदड़ को कुँए में भोजन परोसा जिससे उसकी भूख शांत हो सकी। इनकी जीवों के प्रति दया भावना हम सब को प्रेरणा देती है। गीदड़ को कुएं से सकुशल बाहर निकाल कर एक वन्य जीव की जान बचाने पर ग्रामीणों एवं वनकर्मियों ने गोविन्द भारद्वाज के इस साहसिक कार्य प्रशंसा की।



**एलएसए गोविन्द भारद्वाज ने कुएं में उतरकर गीदड़ को सकुशल बाहर निकाला।**

# प्रविष्टियां आमंत्रित

**जोधपुर,** (कासं)। माणक अलंकरण-2023 के लिए खोजपूर्ण, तथ्यात्मक, रचनात्मक समाचारों तथा विशेष रिपोर्ताज के माध्यम से उत्कृष्ट पत्रकारिता करते हुए राजस्थान की सेवा करने वाले पत्रकारों, जनसंपर्क कर्मियों, छायाकारों/ कार्टूनिस्टों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़ी प्रतिभाओं की प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है।

प्रविष्टियां 9 दिसंबर तक माणक अलंकरण चयन समिति के पहुंचनी आवश्यक है। माणक अलंकरण-2023 से सम्मानित किए जाने वाले पत्रकार एवं विशिष्ट पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभाओं के नाम की घोषणा स्व. माणक मेहता की 49वीं पुण्यतिथि 12 दिसंबर को आयोजित गोष्ठी में चयन समिति के निर्णयानुसार की जाएगी।

# दोस्तों ने किशोर का अपहरण किया

**बीकानेर,** (निसं)। दोस्तों ने मिलकर एक नाबालिग का अपहरण कर अश्लील वीडियो बनाया और रुपयों की मांग की। रुपए नहीं देने पर मारपीट की। आरोपी नाबालिग को शहरभर में घुमाते रहे। हालांकि, बाद में रुपए नहीं मिलने पर जेएनवीसी थाना इलाके में छोड़ कर भाग गए। पीड़ित के पिता ने नयाशहर थाने में एक युवती समेत चार जनों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

परिवादी ने बताया कि उसके 14 वर्षीय बेटे ने तीन दिसंबर की रात नौ-साढ़े नौ बजे घटना की जानकारी दी। बेटे ने बताया कि सात बजे वह अपने दोस्त के साथ बारह गुवाड़ में रैली देख रहा था। तब उसका परिचित लड़का आया, जिसका नाम आरडी है। कहा कि साइड में चल, बात करनी है। वह उसके साथ चला गया। कुछ दूरी पर गली में विराट शर्मा खड़ा था, जिसके साथ विवाद के चलते पहले से बोल चाल हो रखी है।

पीड़ित ने बताया कि विराट व आरडी उसे स्कूटी पर बैठा कर जस्सूसर गेट के पास सारण पेट्रोल पंप के पास स्थित एक कैफे में ले गए, जहां दोनों ने एक लाख 40 हजार रुपयों की मांग की। रुपए नहीं हैं, ऐसा कहने पर आरोपी विराट ने फोन कर कार मंगवा ली। जब कार आई, तो आरोपी जबरन कार में बैठा कर उसे सुनसान जगह ले गए। कार में बैठी लड़की को आरोपी ममता व पीहू व लड़के को सूरज कह कर बुला रहे थे। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और मुंह पर कपड़ा बांध दिया। आरोपी गाड़ी को देर तक इधर-उधर घुमाते रहे। बाद में सुनसान जगह पर गाड़ी रोकी। उसके कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो बनाया तथा मारपीट की।

बाद में आरोपियों ने पीड़ित के बड़े भाई को फोन कर एक लाख 40 हजार रुपए की मांग की। भाई ने कुछ रुपयों का बंदोबस्त करने का भरोसा दिलाया। आरोपी कुछ देर तक रुपयों के इंतजार में इधर-उधर घुमाते रहे। बाद में जेएनवीसी थाने के पास छोड़ कर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि बाद में वह थाने गया और पुलिस कर्मचारियों को आपबीती बताई। पुलिस कर्मचारियों ने पीड़ित के परिजनों को सूचना दी।

# फैक्ट्री में टिनशैड गिरी, बड़ा हादसा टला

## दर्जनों मजदूरों की जान बची, घटना के समय काम कर रहे थे



**फैक्ट्री का गिरा हुआ टिनशैड।**

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय रीको ऐरिया में स्थित संजय ट्रेडर्स फैक्ट्री में उस समय टिनशैड गिर गया जब छत पर एक निजी कम्पनी की ओर से सोर ऊर्जा की प्लेट्स लगाई जा रही थी। जिसके लिए कम्पनी के वर्कर टिनशैड की छत पर प्लेट्स लगाने का काम कर रहे थे तो वहीं उसी समय काफी संख्या में मजदूर टिन शैड के नीचे अपने रोजमर्रा का काम करने में व्यस्त थे। शैड की लोहे की टिन एकाएक नीचे गीर गई। लेकिन गनीमत रही कि कोई भी चोटिल नहीं हुआ। घटना के बाद आस-पास के काफी लोग एकत्रित हो गए। जानकारों ने बताया कि संभव है कि शैड की छत लौहे की टिन से बनी हुई है और सौर ऊर्जा की प्लेट्स व काम कर रहे वर्कर्स के हो सकता है अत्यधिक वजन की वजह से टिन शैड छात सहित धरासायी हो गया। टिनशैड के नीचे काम कर रहे मजदूर की ओर से पूरी छत नहीं गिरने से किसी को भी चोट नहीं आई बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के समय मालिक ओमप्रकाश पंजाब गए हुए थे।

# 8 तक गलती सही करने का अवसर

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरान्त जिन विद्यार्थियों ने आवेदन के दौरान कोई भी त्रुटि की थी, उन्हें त्रुटि सुधारने का एक अंतिम अवसर दिया है। विद्यार्थी 8 दिसंबर तक आवेदन के दौरान हुई गलतियों में सुधार कर सकते हैं। जेईई-मेन जनवरी परीक्षा जो कि 24 जनवरी से 1 फरवरी के मध्य 16 शिफ्टों में संपन्न होनी है। विद्यार्थियों के लिए करेक्शन के लिए किसी तरह का भुगतान नहीं करना होगा।

एलन के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि बीई-बीटेक के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी करेक्शन के दौरान बी-आर्क के लिए अतिरिक्त शुल्क जमा करवाकर आवेदन कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व में केवल बीई-बीटेक के लिए आवेदन किया है, अब वे चाहे तो अतिरिक्त शुल्क का भुगतान कर बीआर्क के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों के पास यह करेक्शन का अंतिम अवसर है। इसके उपरांत आवेदन में कोई करेक्शन संभव नहीं है, ऐसे में विद्यार्थी अपने जेईई-मेन किए हुए आवेदन को पूर्णतया जांच लेवे, क्योंकि अप्रेल आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को जनवरी के आवेदन क्रमांक से ही आवेदन करना होगा एवं जनवरी के आवेदन में दी गई, समस्त जानकारी अप्रैल के आवेदन में काम में ली जाएगी। इसी जानकारी के आधार पर जेईई-एडवांस्ड की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी।

# यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शादी समारोह में शामिल हुए

## सुभाष सिंह राणावत की पुत्री तपस्या के विवाह समारोह में शामिल हुए योगी

**कपासन/भूपालसागर,** (निसं)। भूपालसागर उपखण्ड क्षेत्र के ठिकाना कांकरवा में दिग्विजयनाथ के परिवार में सुभाष सिंह राणावत की पुत्री तपस्या के शादी समारोह में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ मंगलवार सांय शरीक हुए। योगी आदित्यनाथ दिग्विजयनाथ के शिष्य है। योगी ने तपस्या को आशीर्वाद दिया तथा उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

- **ठाकुर सुभाषसिंह राणावत के पूर्वज गुरू दिग्विजयनाथ के शिष्य है योगी आदित्यनाथ**

मुख्यमंत्री योगी के आने के समाचार सवेरे से ही मीडिया पर चल रहे थे। इसी को लेकर जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए व्यवस्था चाक चौबन्ध कर दी गई। योगी के स्वागत में ठिकाना के ठाकुर परिवार की ओर से व्यापक इंतजाम किये गये। इधर योगी आदित्यनाथ को शादी में शरीक होने के लिए स्वयं तपस्या एवं ठाकुर साहब ने उत्तरप्रदेश मठ पर उपस्थित होकर न्यौता दिया था। योगी समय से पहले ही कांकरवा पहुंच गये। उनका समय 4.50 पर उदयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने के साथ 5.40 पर कांकरवा पहुंचने का था समय लेकिन मुख्यमंत्री लगभग चार बजे के करीब कांकरवा पहुंचे। साथ ही शादी समारोह में शिरकत के पश्चात छह बजे से पहले ही डबोक हवाई अड्डे पर जाने के लिए रवाना हो गये।



**ठिकाना कांकरवा में सुभाष सिंह राणावत की पुत्री के शादी समारोह में योगी आदित्यनाथ शामिल हुए।**